has not been supplying medicines to the beneficiaries not reimbursing the amount of medicines purchased from other chemists;

(b) if so, whether Government would cancel the contract of the above chemist keeping in view the difficulties being faced by the CGHS beneficiaries; and

(c) if not, by when the pending bills will be reimbursed and whether Government would ensure that the beneficiaries are not harassed by the chemist in future?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) it is not correct.

(b) and (c) Do not arise.

भोपाल गैस त्रासदी से प्रभावित लोगों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय चिकित्सा-आयोग

6659. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भोपाल गैस त्रासदी से प्रभावित लोगों के लिए कोई अन्तर्राष्ट्रीय चिकित्सा-आयोग का गठन किया है;

(ख) इस आयोग में कुल कितने देशों को प्रतिनिधित्व दिया गया है और इन सदस्यों की क्या-क्या विशेष योग्यताएं हैं;

(ग) इस आयोग में नियुक्त सदस्यों का कार्यकाल कितना होगा और उनके द्वारा किस-किस प्रकार की सेवाएं प्रदान की जायेंगी;

(घ) क्या इस आयोग द्वारा भोपाल गैस त्रासदी के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कोई सर्वेक्षण किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी नहीं।

(ख) से (ङ) ये प्रश्न नहीं उठते।

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के विरुद्ध आरोप

6660. **मौलाना औबैदुल्ला खान आजमी:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा के उच्च पदस्थ अधिकारी यूनानी चिकित्सा प्रणाली के केवल उन्हीं डाक्टरों को प्रोत्साहित करते हैं जो यूनानी चिकित्सा प्रणाली को नुकसान पहुंचाने में उनकी मदद कर सकें;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दिल्ली में उक्त उच्च पदस्थ अधिकारियों ने अपने चहेते डाक्टरों का स्थानांतरण उनके आवास के समीप वाले औषधालयों में और दूसरे डाक्टरों का स्थानांतरण बहुत दूर कर दिया है;

(घ) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उक्त स्थानांतरणों के पीछे उक्त प्रवृत्ति ही काम कर रही है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) से (ङ) स्थानान्तरण आवधिक क्रमावर्तन के आधार पर एवं जनहित में किए जाते हैं तथा किसी की तरफदारी नहीं की जाती है।

गुजरात और मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में मलेरिया उन्मूलन

6661. **श्री अजीत जोगी:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गुजरात और मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों मे विश्व बैंक की सहायता से "राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम" में तेजी लाने के लिए कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;